# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्या: 5026 / M-16 / 162 दिनांक: 24/06 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में " बिना टोटी के कनेक्शन, बर्बाद हो रहा पेयजल" शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण **"बिना टोटी के कनेक्शन, बर्बाद हो रहा पेयजल"** शीर्षक से दिनांक 24.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना पर जूनियर इंजीनियर एवं फर्म के ब्लॉक इंचार्ज द्वारा संयुक्त निरीक्षण दिनांक 24.06.2026 को किया गया। योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 21.060 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 745 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय स्लैब स्तर तक, 1 नग सोलर सिस्टम, 15.844 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 595 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। अवशेष कार्य प्रगति पर है। वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान बी0ओ0ई0 रोड 3.885 कि0मी0, सी0सी0 रोड 2.143 कि0मी0 एवं इण्टरलॉक 0.995 कि0मी0 तोड़ी गई थी। जिसके सापेक्ष समस्त रोड की स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। उक्त योजना पर पाइपलाइन टेस्टिंग एवं हाउस कनेक्शन में टोटी लगाने का कार्य प्रगति पर है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। लक्षित तिथि तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि:–**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4– मेसर्स मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 सीतापुर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

**साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर,** e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्या: 5026 / M-16 / 162 दिनांक: 24/06/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः— **दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में " बिना टोटी के कनेक्शन, बर्बाद हो रहा पेयजल" शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण **"बिना टोटी के कनेक्शन, बर्बाद हो रहा पेयजल"** शीर्षक से दिनांक 24.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना पर जूनियर इंजीनियर एवं फर्म के ब्लॉक इंचार्ज द्वारा संयुक्त निरीक्षण दिनांक 24.06.2026 को किया गया। योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग बाउण्ड्रीवाल 21.060 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 745 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय स्लैब स्तर तक, 1 नग सोलर सिस्टम, 15.844 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 595 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। अवशेष कार्य प्रगति पर है। वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान बी0ओ0ई0 रोड 3.885 कि0मी0, सी0सी0 रोड 2.143 कि0मी0 एवं इण्टरलॉक 0.995 कि0मी0 तोड़ी गई थी। जिसके सापेक्ष समस्त रोड की स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। उक्त योजना पर पाइपलाइन टेस्टिंग एवं हाउस कनेक्शन में टोटी लगाने का कार्य प्रगति पर है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। लक्षित तिथि तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः—</u>

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2— जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4— मेसर्स मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 सीतापुर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

# बिना टोंटी के कनेक्शन, बर्बाद हो रहा पेयजल

## डिघवा की तीन हजार आवादी, तीन सौ से अधिक पेयजल **कनेक्शन** जलभराव व कीचड़

**जलजीवन मिशन**

संसू, जागरण● नैमिषारण्य (सीतापुर) : डिघवा गांव में जलजीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई गई है। कई वर्ष बाद कार्य पूरा करने का दावा किया जा रहा है, जबकि हकीकत इसके उलट है। जलापूर्ति के लिए 300 से ज्यादा घरों में कनेक्शन किए गए हैं, जो कि बिना टोंटी के हैं। इस हालात में पेयजल बर्बाद होता रहता है। पानी न बहे, इसको लेकर लोग अपने पास से टोंटी खरीदकर लगा रहे हैं। स्टैंड पोस्ट का भी यही हाल है। नलकूप चलने पर पानी बहता रहता है। घर-घर जलापूर्ति के नाम पर करोड़ों रुपये तो खर्च कर दिए गए, लेकिन काम आधा अधूरा ही है।

एक ओर, सरकार जल संरक्षण को लेकर जागरुकता अभियान चला रही है। लोगों से पानी की एक-एक बूंद बचाने की अपील हो रही है। वहीं, दूसरी ओर जलजीवन मिशन की लापरवाही से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, जिससे मार्गों पर कीचड़ व जलभराव की स्थिति बनी हुई है। डिघवा, फूलपुर, झरिया व अरबापुर की आबादी करीब तीन हजार है। वर्ष 2022 में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत की पेयजल परियोजना को मंजूरी मिली थी। लेकिन, तबसे इसका काम चल रहा था। अब काम पूरा करने का दावा किया गया है, लेकिन टोंटियां नहीं लगाई गई हैं।

**ग्रामीणों ने अपने पास से खरीदकर लगवाई टोंटी :** हरिश्चंद्र, राकेश, सावित्री, अनीता, रामकुमार व चंद्रभाल आदि ग्रामीणों ने 50 रुपये की टोंटी अपने पास से खरीदकर लगाई है, जिससे पानी बहना बंद हो जाए। एक ओर सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा कर रही है। वहीं, दूसरी ओर गांव में जल जीवन मिशन की व्यवस्थाएं आधी अधूरी ही हैं, जिसका लाभ संबंधित गांव के ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। वहीं, मार्ग भी जगह-जगह खोदकर छोड़कर छोड़ दिए गए।



पानी बहने से रास्ते पर कीचड़ और मिश्रिख के डिघवा गांव में बिना टोंटी के किया कनेक्शन ● जागरण



डिघवा गांव में टोंटी न होने से बहता पानी● जागरण

### फील्ड के नाम पर गायब रहते अवर अभियंता

जलजीवन मिशन की परियोजना के कार्यों की निगरानी करने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय अवर अभियंता जल निगम पर है। फील्ड के नाम पर यह महीनों गायब रहते हैं। जिससे कार्यदाई संस्था के लोग मनमानी करते हैं। नियमानुसार एक-एक कार्य की निगरानी अभियंता को करनी होती है। निगरानी न होने से मानक, कार्य गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है। लोग शिकायत करते हैं तो स्थलीय जांच की बात कही जाती है। इससे जाहिर होता है कि अभियंता मौके पर नहीं जाते।



इसकी शिकायत हमारे संज्ञान में नहीं आई है। स्थलीय जांच करेंगे। टोंटी नहीं लगाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था से जवाब तलब किया जाएगा। सभी कनेक्शन वाले स्थानों पर टोंटी लगवाना सुनिश्चित कराएंगे। अन्य जो भी कमियां मिलेंगी, उनका समाधान सुनिश्चित होगा।
– **मुदित पांडेय,** अवर अभियंता जल निगम ग्रामीण।

**पाइप खुली, रास्ते क्षतिग्रस्त :** अजय ने बताया कि कई जगह पाइपलाइनें खुली हैं। पाइप बिछाने के बाद रास्तों को दुरुस्त भी नहीं किया गया है। जलजीवन मिशन के ठेकेदार से शिकायत भी की तो उसकी अनदेखी की गई। बबलू ने कहा कि पेयजल लाइन बिछाने और टंकी निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, जिससे असुविधा ही मिल रही है।


GPS Map Camera
Google
Foolpur, Uttar Pradesh, India
9fr8+5pw, Foolpur, Uttar Pradesh 261403, India
Lat 27.390666° Long 80.466366°
Wednesday, 24/06/2026 12:26 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Foolpur, Uttar Pradesh, India
9fr8+5pw, Foolpur, Uttar Pradesh 261403, India
Lat 27.391197° Long 80.466237°
Wednesday, 24/06/2026 12:27 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Foolpur, Uttar Pradesh, India
9fr9+569, Foolpur, Uttar Pradesh 261403, India
Lat 27.389647° Long 80.469583°
Wednesday, 24/06/2026 12:16 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Bhitholi, Uttar Pradesh, India
9fpg+4x, Bhitholi, Uttar Pradesh 261403, India
Lat 27.384705° Long 80.475558°
Wednesday, 24/06/2026 12:01 PM GMT +05:30